राजस्थान, सरकार
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग
(अनुभाग–3)

क्रमांक एफ 4(9) ग्रावि / ग्रुप–3 / हैल्पलाईन / 2008–09 जयपुर, दिनांक : 4 APR 2016

जिला कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक,
महात्मा गांधी नरेगा,
समस्त राजस्थान,
राजस्थान सरकार।

विषय – **महात्मा गांधी नरेगा कॉल सेन्टर टोल फ्री नम्बर–1800–180–6606 के स्थान पर नवीन नम्बर 1800–180–6127 (राजस्थान सम्पर्क)होने के संबंध में।**

महोदय,

राज्य स्तर पर लिये गये निर्णयानुसार महात्मा गांधी नरेगा योजना कॉल सेन्टर निःशुल्क टोल फ्री नम्बर–1800 180–6606 को दिनांक 01.04.2016 से राजस्थान सम्पर्क में विलय कर दिया गया है तथा परिवर्तित **निःशुल्क टोल फ्री नम्बर–1800–180–6127 है।**

- कॉल सेन्टर की सुविधा प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक उपलब्ध है।
- महात्मा गांधी नरेगा के लिए निःशुल्क नम्बर डायल करने के पश्चात विकल्प सुनकर 4 नम्बर दबाकर पुनः 4 नम्बर दबायें।
- महात्मा गांधी नरेगा ग्राहक सेवा अधिकारी द्वारा मांगी गई जानकारी उपलब्ध करावें। रोजगार की मांग हेतु जॉब कार्ड का पूरा नम्बर बताना आवश्यक है।
- टोल फ्री नम्बर पर निम्न सुविधायें उपलब्ध है :–
  - महात्मा गांधी नरेगा से संबंधित जानकारी
  - योजना से संबंधित शिकायत दर्ज कराना
  - रोजगार की मांग दर्ज कराना

नया टोल फ्री नम्बर– 1800–180–6127 का पूरे क्षेत्र में प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करावें।

भवदीय,
30/3/16
(रोहित कुमार)
आयुक्त, ईजीएस

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1 निजी सचिव, मा0 मंत्री महोदय, ग्रावि. एवं पंरावि.।
2 निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, ग्रावि. एवं पंरावि।
3 निजी सचिव, सचिव, ग्रामीण विकास विभाग।
4 निजी सचिव, पंचायती राज विभाग।
5 निजी सचिव, आयुक्त, ईजीएस।
6 वित्तीय सलाहकार, ईजीएस।
7 अतिरिक्त आयुक्त (प्रथम, द्वितीय), ईजीएस।
8 अधीक्षण अभियंता, ईजीएस।
9 अधिशाषी अभियंता (एच), (वी), (ए) ईजीएस।
10 अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, समस्त राजस्थान।
11 विकास अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी, समस्त राजस्थान।
12 रक्षित पत्रावली।

परि0 निदे एवं संयुक्त शासन सचिव, ईजीएस

E:\Vipin Choudhary\2016\Sangeeta Jain\HIMS 2016\HIMS Letter 2016.doc